**2024**

# HINDI

## ( Regular Elective )

Paper : HIN–RE–6016/6026/6036

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

Answer the questions from *any* **one** Option

## OPTION—A

Paper : HIN–RE–6016

**( छायावाद )**

1\. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) जयशंकर प्रसाद का जन्म कब हुआ था?

(ख) 'झरना' काव्य-ग्रंथ का प्रकाशन वर्ष क्या है?

(ग) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' यह शीर्षक गीत किस नाटक से लिया गया है?

(घ) सूर्यकांत त्रिपाठी किस उपनाम से जाने जाते हैं?

(ङ) 'मधुर वह था जीवन' कविता के रचयिता कौन हैं?

(च) 'उपवन-सर-सरित-गहन-गिरि-कानन' यह पंक्ति पठित किस कविता से उद्धृत है?

(छ) 'चिंतित भृकुटि क्षितिज ______।' रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ज) 'प्रकृति का सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है?

(झ) 'वसन्त रजनी' को कवयित्री ने किस रूप में प्रस्तुत किया है?

(ञ) महादेवी वर्मा को उनके किस काव्य-संकलन के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) जयशंकर प्रसाद की किन्हीं दो काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ख) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' शीर्षक कविता में कवि ने मधुमय देश किसे कहा है और क्यों?

(ग) 'जूही की कली' शीर्षक कविता में नायक और नायिका के रूप में किन्हें चित्रित किया गया है?

(घ) पंत के प्रकृति-चित्रण की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) 'हिन्दी के विशाल मंदिर की सरस्वती' इस अलंकरण से किसने और किसे संबोधित किया है?





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) जयशंकर प्रसाद की कविताओं की किन्हीं दो कलापक्षीय विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ख) 'हे लाज भरे सौन्दर्य बता दो' शीर्षक कविता का भावार्थ प्रस्तुत कीजिए।

(ग) 'संध्या सुंदरी' कविता के आधार पर नायिका संध्या का रूप-वर्णन प्रस्तुत कीजिए।

(घ) 'द्रुत झरो' कविता के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'मंदिर का दीप' शीर्षक कविता के विषय-वस्तु को रेखांकित कीजिए।

(च) "अब नहीं आती पुलिन पर प्रियतमा,
श्याम तृण पर बैठने को निरुपमा।
बह रही है हृदय पर केवल अमा :
मैं अलक्षित हूँ; यही"

प्रस्तुत पंक्तियों का सप्रसंग आशय स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) 'ले चल वहाँ भुलावा देकर' शीर्षक कविता के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

'हिन्दी काव्य-जगत को जयशंकर प्रसाद की देन' विषय पर अपना विवेचन प्रस्तुत कीजिए।

(ख) 'जूही की कली' कविता के भावपक्ष का विवेचन कीजिए।

**अथवा**

छायावादी काव्य-प्रवृत्तियों के आधार पर 'संध्या सुंदरी' कविता की समीक्षा कीजिए।

(ग) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सघन मेघों का भीमाकाश
गरजता है जब तमसाकार,
दीर्घ भरता समीर निःश्वास,
प्रखर झरती जब पावस-धार;
न जाने नक्षत्रों से कौन
निमंत्रण देता मुझको मौन!

**अथवा**

पंत की सौन्दर्य-चेतना का मूल्यांकन कीजिए।

(घ) महादेवी वर्मा की काव्य-भाषा पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

'मधुर वह था जीवन' शीर्षक कविता के भावपक्ष पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।





## OPTION—B

**Paper : HIN–RE–6026**

**( प्रेमचंद )**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) हिन्दी का उपन्यास-सम्राट् किसे माना जाता है?

(ख) प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या था?

(ग) प्रेमचंद ने सबसे पहले किस नाम से लिखना शुरू किया था?

(घ) प्रेमचंद की माँ का नाम क्या है?

(ङ) "साहित्य को कुछ समालोचकों ने लेखक का ______ जीवन-चरित्र कहा है।" 'साहित्य का उद्देश्य' निबंध के आधार पर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(च) गंगाजली कौन है?

(छ) पुराने जमाने में मनुष्य की आध्यात्मिक और नैतिक सभ्यता का आधार क्या था?

(ज) प्रेमचंद की कहानियों का विशाल संग्रह किस नाम से प्रकाशित हुआ?

(झ) प्रेमचंद की कहानियों का मुख्य केन्द्र बिन्दु क्या होता है?

(ञ) दोनों बैलों के नाम क्या-क्या हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) कहानी के किन्हीं दो तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

(ख) उपन्यास की एक परिभाषा दीजिए।

(ग) प्रेमचंद द्वारा रचित पहली हिन्दी कहानी का नाम क्या है और वह किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

(घ) 'सेवासदन' उपन्यास से भिन्न प्रेमचंद-विरचित अन्य दो उपन्यासों का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) 'हल्कू' की कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'पंच परमेश्वर' कहानी के उद्देश्य का खुलासा कीजिए।

(ख) अलगू के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

(ग) प्रेमचंद के कहानी-शिल्प की किन्हीं पाँच विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'सेवासदन' उपन्यास की भाषा-शैली पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ङ) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(च) 'दो बैलों की कथा' कहानी का सारांश लिखिए।





**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"गजाधर प्रसाद की दशा उस मनुष्य की-सी थी, जो चोरों के बीच में अशर्फियों की थैली लिए बैठा हो। सुमन का वह मुखकमल जिस पर वह कभी भौंरे की भाँति मंडराया करता था, अब उसकी आँखों में जलती हुई आग के समान था। वह उससे दूर-दूर रहता, उसे भय था कि वह मुझे जला न दे। स्त्रियों का सौन्दर्य उनका पति-प्रेम है। इसके बिना उनकी सुंदरता इंद्रायन का फल है, विषमय और दग्ध करने वाला।"

**अथवा**

"साहित्य उसी रचना को कहेंगे, जिसमें कोई सच्चाई प्रकट की गई हो, जिसकी भाषा प्रौढ़, परिमार्जित और सुंदर हो, और जिसमें दिल और दिमाग पर असर डालने का गुण हो और साहित्य में यह गुण पूर्ण रूप में उसी अवस्था में उत्पन्न होता है, जब उसमें जीवन की सच्चाइयाँ और अनुभूतियाँ व्यक्त की गई हों।"

(ख) 'हिन्दी साहित्य को प्रेमचंद की देन' पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

पठित निबंध के आधार पर प्रेमचंद के साहित्य के उद्देश्य-संबंधी विचारों को प्रस्तुत कीजिए।

(ग) 'सेवासदन' उपन्यास में अंतर्निहित समस्याएँ क्या-क्या हैं? सोदाहरण विचार कीजिए।

**अथवा**

सुमन की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'ईदगाह' शीर्षक कहानी के मूल प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

कथानक और चरित्र-चित्रण की दृष्टि से 'पूस की रात' कहानी की समीक्षा कीजिए।





OPTION—C

Paper : HIN–RE–6036

**( विश्व में हिन्दी एवं प्रवासी हिन्दी साहित्य )**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'विश्व हिन्दी सचिवालय' किस देश में स्थित है?

(ख) प्रथम 'विश्व हिन्दी सम्मेलन' का उद्घाटन तत्कालीन किस भारतीय प्रधानमंत्री के द्वारा हुआ था?

(ग) 'विश्व हिन्दी दिवस' किस तारीख को मनाया जाता है?

(घ) मॉरीशस के हिन्दी जगत् में कौन 'उपन्यास-सम्राट्' के रूप में जाने जाते हैं?

(ङ) 'लाल पसीना' उपन्यास का प्रकाशन-वर्ष बताइए।

(च) कुन्दन ने बदलकर अपना नाम क्या रखा था?

(छ) "तुम लोग जंगलियों की तरह शोर मचाते हो।" यह किसका कथन है?

(ज) किसन और संध्या के बीच कौन-सा संबंध था?

(झ) मनप्रीत (मैनी) की कोख का किराया कितना रहा?

(ञ) "सच पूछो तो शायद यही इस देश की पहचान है।" यहाँ पहचान के रूप में कौन-सी बात संकेतित है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) फादर कामिल बुल्के मूलतः किस देश के निवासी थे? कौन-सा शब्दकोश उनके हिन्दी-प्रेम का अनन्य उदाहरण है?

(ख) ईंखों को कारखाने तक पहुँचाते समय किसकी अचानक मृत्यु हो गयी थी? खेतों के काम पर इस दुर्घटना का क्या प्रभाव पड़ा था?

(ग) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

"और दबोचा हुआ वह _____ परतों के नीचे कैसे साँसों के लिए संघर्ष करता रहा, उसकी _____ आज भी धरती की सोंधी गंध देती रहती है।"

(घ) "अब कोई ना बची किसन!" किसने कब ऐसा कहा था?

(ङ) मैनी और गैरी के दोनों बच्चों के नाम बताइए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) एक अन्यतम विश्व भाषा के रूप में हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन के उद्देश्य पर चर्चा कीजिए।

(ग) "जुल्म ढानेवाले दो व्यक्ति भाई होते हैं, जुल्म सहने वाले दो व्यक्ति भाई नहीं हो पाते।" उपन्यासकार ने किस परिस्थिति के कारण यह टिप्पणी की है?





(घ) अभिमन्यु अनत का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ङ) बीफी डेविड का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(च) गैरी क्यों अपने बच्चों-समेत नीना के पास चला गया था?

**4.** निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"मस्तिष्क शरीर को आदेश देकर हर तरह का काम करवा लेता है, लेकिन मस्तिष्क अपने-आपको आदेश देकर उस आज्ञा का पालन नहीं करवा पाता। वही बात किसन के साथ हो रही थी।"

**अथवा**

"अपने वर्तमान के लिए वह किसे उत्तरदायी ठहराए? वर्तमान कोई किसी साधु-महात्मा द्वारा जादू के बल पर अचानक हवा में से निकला हुआ फल या प्रसाद तो है नहीं। अतीत की एक-एक ईंट जुड़ती हैं, तब कहीं जाकर बनता है वर्तमान!"

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) विदेशों में हिन्दी किन रूपों में लोकप्रिय है? सटीक उत्तर दीजिए।

**अथवा**

वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी के समक्ष खड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'लाल पसीना' उपन्यास की लोकप्रियता के कारणों पर चर्चा कीजिए।

**अथवा**

"इस उपन्यास में मिथक की गहराई है। जहाँ-तहाँ लोकगीत, मुहावरे, लंबे संवाद एक भारतीय ओपेरा की रचना करते हैं।" 'लाल पसीना' उपन्यास पर की गयी इस टिप्पणी की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ग) नामकरण की सार्थकता की दृष्टि से 'साँकल' शीर्षक कहानी की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

'यों ही चलते हुए' में नीमा ने जो-जो अनुभूतियाँ संजोयी हैं—अपने शब्दों में उनका चित्रण कीजिए।

★★★